राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राज0, जयपुर

क्रमांकः–लेखा–18 / आं.जां. / 2023–24 /   दिनांक

–: मीटिंग नोटिस :–

राज्यस्तरीय ऑडिट कमेटी द्वारा निरीक्षण विभाग के विशेष जांच के 28 प्रतिवेदनो के 204 आक्षेप तथा आन्तरिक जांच के 30 प्रतिवेदनों के 309 आक्षेपो के लम्बित होने को गम्भीरता से लेते हुए निदेशक, निरीक्षण महोदय से बैठक के दौरान ही जनवरी / फरवरी 2024 में स्वास्थ्य भवन में पैरा निस्तारण केम्प आयोजित करने हेतु अनुरोध किया गया था।

तदनुसार निरीक्षण विभाग की सहमति उपरान्त लेखा अनुभाग की कार्यालय अनौ0 टिप्पणी कमांक 6807–17 दिनांक 18.01.2024 द्वारा समस्त अनुभाग अधिकारी जिनके स्तर पर आक्षेप लम्बित है उन्हे वित्तीय सलाहकार के समक्ष अनुपालना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे।

खेद का विषय है कि किसी भी अनुभाग अधिकारी द्वारा लम्बित आक्षेपो की पालना प्रस्तुत नही कि गयी है। यह अत्यन्त ही खेद जनक स्थिति है।

अतः निरीक्षण विभाग के लम्बित आक्षेपो की अनुपालना के क्रम में दिनांक 07.02.2024 को ~~12.00~~ 4 बजे (मध्याह्न) प. अधोहस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में निदेशालय के मीटिंग हॉल में बैठक का आयोजन किया गया है, जिसमें निम्न अनुभाग अधिकारी लम्बित विशेष जांच /आंतरिक जांच की ठोस एवं सारगर्भित अनुपालना सहित व्यक्तिशः उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

क्र.सं.	अनुभाग का नाम	आन्तरिक जांच		विशेष जांच	
		बकाया प्रतिवेदन	बकाया आक्षेप	बकाया प्रतिवेदन	बकाया आक्षेप
1.	निदेशक (अराजपत्रित), मुख्यालय	12	22	—	—
2.	अतिरिक्त निदेशक (राजपत्रित), मुख्यालय	8	13	—	—
3.	आहरण एवं वितरण अधिकारी, मुख्यालय	21	51	—	—
4.	राज्य कुष्ठ रोग अधिकारी, मुख्यालय	2	3	1	1
5.	प्रभारी मुख्य अभियन्ता,NHM, मुख्यालय	1	1	—	—
6.	प्रभारी आयोडीन, मुख्यालय	1	1	—	—
7.	प्रभारी मलेरिया, मुख्यालय	3	6	—	—
8.	प्रभारी सी.डी स्टोर, मुख्यालय	12	29	—	—
9.	प्रभारी स्थाई भण्डार, मुख्यालय	27	107	—	—
10.	प्रभारी अस्थाई भण्डार, मुख्यालय	13	23	2	12
11.	प्रभारी वाहन पूल, मुख्यालय	20	37	—	—
12.	वरि0 लेखाधिकारी, एस एस पी ओ, मुख्यालय	15	59	—	—

निर्देशो की अवेहलना को गंभीरता से लिया जावेगा।

संलग्नः–प्रतिवेदनानुसार बकाया आक्षेपों की सूची।

Sd.

निदेशक (जन–स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान,जयपुर

क्रमांकः–लेखा–18 / आं.जां / 2023–24 / 6908   दिनांक 31/01/24

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सहायक, निदेशक (जन स्वास्थ्य) चि0 एवं स्वा0 सेवाएं, जयपुर।
2. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, चि0 एवं स्वा0 सेवाएं, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी..
4. प्रभारी सर्वर रूम को प्रेषित कर लेख है कि इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।
5. केयर टेकर, मुख्यालय को प्रेषित लेख है कि निर्धारित तिथि 07.02.2024 को 12.00 बजे (मध्याह्न) व्यवस्था करावें।

निदेशक (जन–स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
राजस्थान,जयपुर